# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (14.11.2024)

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 14.11.2024, PAGE-06**

# पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा में शामिल होंगे 24,433 विद्यार्थी

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा में कुल 24,433 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा विभाग की ओर से बुधवार को केंद्रों की सूची व परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या जारी की गई है। जिले में एलएनटी कालेज, श्याम नंदन सहाय कालेज और डा.जगन्नाथ मिश्र कालेज केंद्र पर परीक्षार्थी शामिल होंगे। तीन केंद्रों पर कुल 7,611 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय ने तैयारी पूरी कर ली है। बताते हैं कि एक से दो दिनों में एडमिट कार्ड जारी कर दिया जाएगा। वहीं छात्र-छात्राएं इसके बाद कालेजों में जाकर इसे प्राप्त कर सकेंगे। स्पेशल परीक्षा के लिए पांच जिलों में कुल 12 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डा.सुबालाल पासवान ने बताया कि 18 नवंबर से परीक्षा होगी। एक से दो दिन में एडिट कार्ड जारी कर दिया जाएगा।

**पार्ट वन की यह आखिरी स्पेशल परीक्षा:** तीन वर्षीय स्नातक कोर्स के तहत यह पार्ट वन की आखिरी परीक्षा हो रही है। इसके बाद टीडीसी पार्ट वन की कोई भी स्पेशल परीक्षा नहीं होगी। अगर अब तक कोई छात्र इस परीक्षा के लिए अपना फार्म नहीं भर सके हैं तो उन्हें अब कोई भी मौका नहीं मिलेगा। उन्हें स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के लिए अब दोबारा रजिस्ट्रेशन कराना होगा। दूसरी ओर विश्वविद्यालय में पिछले वर्ष से चार वर्षीय स्नातक कोर्स की शुरुआत हो चुकी है।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 14.11.2024, PAGE-06**

# ज्ञानकुंभ कलश रथयात्रा निकली, बांटेगी संदेश

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** भारतीय ज्ञान परंपरा की पुनर्स्थापना का संदेश लेकर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय से बुधवार को ज्ञानकुंभ कलश रथयात्रा निकाली गई। कुलपति आवास में सबसे पहले वैदिक मंत्रोच्चारण व अनुष्ठान के साथ कलश को अभिमंत्रित किया गया। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय के नेतृत्व में सभी पीजी विभागाध्यक्ष, अधिकारी, शिक्षक- शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं वीसी आवास से एलएस कालेज तक पहुंचे। वहां से रथयात्रा मां जानकी जन्मस्थली सीतामढ़ी के लिए रवाना हुई। सीता जन्मस्थली से जल व मिट्टी लेकर यात्रा आगे बढ़ेगी। मौके पर सीतामढ़ी जिले में स्थित सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक व शिक्षक प्रतिनिधि, शिक्षकेतर कर्मी व शिक्षकेतर प्रतिनिधि एवं छात्र व



नालंदा ज्ञानकुंभ के लिए पूजा करते कुलपति प्रो.डीसी राय। (दाएं से पांचवें) ● जागरण

छात्र प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। रात्रि विश्राम गोयनका कालेज, सीतामढ़ी में प्रस्तावित है। गुरुवार को वहां से यात्रा शिवहर के लिए प्रस्थान करेगी। उसी दिन शिवहर से यात्रा एलएनडी कालेज मोतिहारी के लिए प्रस्थान करेगी। वहां ज्ञानकुंभ के सम्मान में अभिनंदन कार्यक्रम होगा।

यात्रा का अगला पड़ाव महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय होगा। वहां से ज्ञानकुंभ यात्रा बेतिया के प्रस्थान करेगी। बेतिया पहुंचने पर एमजेके कालेज रात्रि विश्राम प्रस्तावित है। शुक्रवार को ज्ञानकुंभ यात्रा हाजीपुर वैशाली के लिए प्रस्थान करेगी। यहां से मिट्टी संग्रह के बाद आरएन कालेज हाजीपुर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगी। शनिवार को हाजीपुर में रथयात्रा का अभिनंदन होगा। इसके बाद यात्रा नालंदा के लिए रवाना होगी। नालंदा में ज्ञान कुंभ का आयोजन 16 से 18 नवंबर तक होगा। इसमें भारत को 2047 तक विकसित बनाए जाने में भारतीय ज्ञान परंपरा की भूमिका रेखांकित करने के लिए देश-विदेश के अनेक विद्वान शामिल होंगे। इस ज्ञानकुंभ में कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय भी उपस्थित होंगे। संपूर्ण ज्ञानकुंभ यात्रा एलएस कालेज के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डा.राजेश्वर कुमार के संयोजन में पूर्ण होगी। मौके पर प्राक्टर प्रो.बीएस राय, रजिस्ट्रार डा.अपराजिता कृष्णा, इंस्पेक्टर आफ कालेजेज आर्ट्स डा.राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डा.सुबालाल पासवान, एलएस कालेज के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय, आरबीबीएम कालेज की प्राचार्य प्रो.ममता रानी, डा.राजेश्वर कुमार सहित विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 14.11.2024, PAGE-06

## बीआरएबीयू से नालंदा ज्ञानकुंभ रथयात्रा रवाना, वीसी ने किया पूजन व अनुष्ठान

### 16 से 18 नवंबर तक राजगीर के नालंदा विवि में होगा नालंदा ज्ञानकुंभ

सिटी रिपोर्टर|मुजफ्फरपुर



नालंदा ज्ञान कुंभ कलश यात्रा में शामिल लोग।

16 से 18 नवंबर तक राजगीर के नालंदा विश्वविद्यालय में होने वाले 'नालंदा ज्ञानकुंभ' के लिए नालंदा ज्ञानकुंभ रथयात्रा की शुरुआत बीआरए बिहार विश्वविद्यालय से हुई। कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश चंद्र राय ने ज्ञानकुंभ पूजन व अनुष्ठान के माध्यम से इस यात्रा की विधिवत शुरुआत की। इसके बाद कुलपति आवास से निकलकर ज्ञानकुंभ यात्रा एलएस कॉलेज के आचार्य जेबी कृपलानी सभागार पहुंची। कुलपति ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में अनुशीलन व समावेशन करना वर्तमान समय की मांग है। इस ज्ञानकुंभ यात्रा में इन विषयों को केंद्र में रखकर विकसित भारत की रूपरेखा पर विमर्श किया जाएगा।

ज्ञानकुंभ रथयात्रा सर्वप्रथम सीतामढ़ी के लिए प्रस्थान की गई। वहां पहुंचने के पश्चात मां जानकी जन्मस्थली पहुंची। गुरुवार को गोयनका कॉलेज से यात्रा शिवहर के लिए प्रस्थान करेगी। इसी दिन शिवहर से एलएनडी कॉलेज मोतिहारी के लिए प्रस्थान करेगी। वहां ज्ञानकुंभ के सम्मान में अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उसी दिन इस यात्रा का अगला पड़ाव महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय होगा। वहां से ज्ञानकुंभ यात्रा बेतिया के लिए प्रस्थान कर जाएगी। एमजे कॉलेज में रात्रि विश्राम होगा।

15 नवंबर को ज्ञानकुंभ यात्रा हाजीपुर के लिए प्रस्थान करेगी। वहां से मिट्टी संग्रह के बाद आरएन कॉलेज यात्रा पहुंचेगी व रात्रि विश्राम करेगी। 16 नवंबर को हाजीपुर में रथयात्रा का अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया है। उसी दिन यात्रा नालंदा के लिए प्रस्थान कर राजगीर के नालंदा विश्वविद्यालय पहुंचेगी, जहां यात्रा का अभिनंदन किया जाएगा। ज्ञानकुंभ में भारत को 2047 तक विकसित बनाने में भारतीय ज्ञान परंपरा की भूमिका रेखांकित करने के लिए देश-विदेश के अनेक विद्वान शामिल होंगे। इस ज्ञानकुंभ में कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश चंद्र राय की भी उपस्थिति रहेगी। संपूर्ण ज्ञानकुंभ यात्रा एलएस कॉलेज के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेश्वर कुमार के संयोजन में पूर्ण होगी।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 14.11.2024, PAGE-04

## भारतीय ज्ञान परंपरा का अनुशीलन करना होगा : वीसी

**नालंदा ज्ञानकुंभ**

- कलश रथ यात्रा का वीसी आवास पर हुआ अनुष्ठान, एलएस कॉलेज में समारोह के बाद हुआ रवाना
- सीतामढ़ी, बेतिया, हाजीपुर के रास्ते विभिन्न कॉलेजों से 16 को नालंदा विश्वविद्यालय पहुंचेगी

प्रतिनिधि, मुजफ्फरपुर

नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर में 16 से 18 नवंबर के बीच होने वाले 'नालंदा ज्ञानकुंभ' के लिए बुधवार को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय से भव्य कलश रथ यात्रा निकाली गयी.

कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने अपने आवास पर ज्ञानकुंभ पूजन एवं अनुष्ठान के माध्यम से इस यात्रा की विधिवत शुरुआत की. कुलपति आवास से कलश यात्रा लंगट सिंह महाविद्यालय के परिसर में पहुंची, जहां ज्ञानकुंभ यात्रा शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. परिसर में आरबीबीएम कॉलेज की सैकड़ों छात्राओं ने पुष्पवर्षा की, फिर विधिवत तरीके से रथ पर अक्षत डाल कर यात्रा का शुभारंभ किया गया.

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने की. उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का अनुशीलन एवं समावेशन वर्तमान समय की मांग है. इस ज्ञानकुंभ यात्रा में इन विषयों को केंद्र में रखकर विकसित भारत की रूपरेखा पर विमर्श किया जायेगा. ज्ञानकुंभ पूजन एवं अनुष्ठान से लेकर ज्ञानकुंभ यात्रा शुभारंभ कार्यक्रम तक के संपूर्ण आयोजन के दौरान कुलानुशासक प्रो विजय शंकर राय, कुलसचिव डॉ अपराजिता कृष्णा, एलएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो ओमप्रकाश राय, आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्य प्रो ममता रानी, प्रो. राजीव कुमार, प्रो प्रमोद कुमार, प्रो राजीव कुमार झा, सहित विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, सभी संकायाध्यक्ष, स्नातकोत्तर विभागों के अध्यक्ष, शहरी क्षेत्र के सभी कॉलेजों के प्राचार्य, शिक्षक व कर्मचारी समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे.



अपने आवास से कलश यात्रा को रवाना करते कुलपति व अन्य शिक्षक.

### मां जानकी जन्मस्थली से जल व मिट्टी लेंगे

एलएस कॉलेज में कार्यक्रम के बाद ज्ञानकुंभ रथयात्रा मां जानकी जन्मस्थली सीतामढ़ी के लिए प्रस्थान कर गयी. नालंदा ज्ञानकुंभ के संयोजक डॉ राजेश्वर कुमार ने बताया कि वहां मां जानकी जन्मस्थली से जल एवं मिट्टी लिया जायेगा. इस अवसर पर सीतामढ़ी के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक व शिक्षक प्रतिनिधि, शिक्षकेत्तर कर्मी व शिक्षकेत्तर प्रतिनिधि व छात्र व छात्र प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे. रात्रि विश्राम गोयनका कॉलेज, सीतामढ़ी में प्रस्तावित है. 14 नवंबर को गोयनका कॉलेज से यात्रा शिवहर के लिए प्रस्थान करेगी. उसी दिन शिवहर से यह यात्रा एलएनडी कॉलेज, मोतिहारी के लिए प्रस्थान करेगी. रथ यात्रा का अगला पड़ाव महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय होगा. वहां से ज्ञानकुंभ यात्रा बेतिया के प्रस्थान कर जाएगी. बेतिया में एमजेके कॉलेज में रात्रि विश्राम होगा. 15 नवंबर को ज्ञानकुंभ यात्रा हाजीपुर वैशाली के लिए प्रस्थान करेगी. यहां से मिट्टी संग्रह के बाद आरएन कॉलेज, हाजीपुर में यात्रा पहुंचेगी. 16 नवंबर को हाजीपुर में रथयात्रा का अभिनंदन कार्यक्रम होगा. उसी दिन यात्रा नालंदा के लिए प्रस्थान करके नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर पहुंचेगी.

- वेबसाइट पर यह खबर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

VISHWA GURU BHARAT , MUZAFFARPUR, DATE : 14.11.2024, PAGE-02

## 16 से 18 नवंबर, 2024 तक नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर, नालंदा में आयोजित होने जा रहे 'नालंदा ज्ञानकुंभ' के लिए नालंदा ज्ञानकुंभ रथयात्रा की शुरुआत बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुज़फ़्फ़रपुर से हुई. कुलपति प्रो(डॉ) दिनेश चंद्र राय ने अपने आवास पर ज्ञानकुंभ पूजन एवं अनुष्ठान के माध्यम से इस यात्रा की विधिवत शुरुआत की।

मुजफ्फरपुर १३ नवंबर २०२४_ मदन मोहन ठाकुर विश्व गुरु भारत बिहार ब्यूरो चीफ।

16 से 18 नवंबर, 2024 तक नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर, नालंदा में आयोजित होने जा रहे 'नालंदा ज्ञानकुंभ' के लिए नालंदा ज्ञानकुंभ रथयात्रा की शुरुआत बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर से हुई. कुलपति प्रो(डॉ) दिनेश चंद्र राय ने अपने आवास पर ज्ञानकुंभ पूजन एवं अनुष्ठान के माध्यम से इस यात्रा की विधिवत शुरुआत की. पूजन एवं अनुष्ठान के पश्चात् कुलपति आवास से लंगट सिंह महाविद्यालय के आचार्य जे.बी.कृपलानी सभागार में ज्ञानकुंभ यात्रा शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो(डॉ) दिनेश चंद्र राय ने किया. कुलपति प्रो(डॉ) दिनेश चंद्र राय ने कहाँ कि भारतीय ज्ञान परंपरा अनुशीलन एवं समावेशन करना वर्तमान समय की मांग है. इस ज्ञानकुंभ यात्रा में इन विषयों को केंद्र में रखकर विकसित भारत की रूपरेखा पर विमर्श किया जाएगा. ज्ञानकुंभ पूजन एवं अनुष्ठान से लेकर ज्ञानकुंभ यात्रा शुभारंभ कार्यक्रम तक के संपूर्ण आयोजन के दौरान कुलानुशासक प्रो(डॉ) विनय शंकर राय, कुलसचिव डॉ. अपराजिता कृष्णा, एल.एस.कॉलेज के प्राचार्य प्रो(डॉ) ओमप्रकाश राय, आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्य प्रो.ममता रानी सहित विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारीगण, स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, सभी प्राचार्य, शिक्षक व शिक्षक प्रतिनिधि, शिक्षकेत्तर कर्मी व शिक्षकेत्तर प्रतिनिधि एवं छात्र व छात्र प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

ज्ञानकुंभ रथयात्रा सर्वप्रथम माँ जानकी जन्मस्थली सीतामढ़ी के लिए प्रस्थान कर गई है. वहाँ पहुँचने के पश्चात् माँ जानकी जन्मस्थली से जल एवं मिट्टी एवं जल भरने का कार्यक्रम दिनांक 13 नवंबर, 2024 को आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर सीतामढ़ी जिले में स्थित सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक व शिक्षक प्रतिनिधि, शिक्षकेत्तर कर्मी व शिक्षकेत्तर प्रतिनिधि एवं छात्र व छात्र प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे. रात्रि विश्राम गोयनका कॉलेज, सीतामढ़ी में प्रस्तावित है.

दिनांक 14 नवंबर, 2024 को गोयनका कॉलेज से यात्रा शिवहर के लिए प्रस्थान करेगी. उसी दिन शिवहर से यह यात्रा एम.एन.डी. कॉलेज, मोतिहारी के लिए प्रस्थान करेगी तथा वहाँ ज्ञानकुंभ की सम्मान में अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. उसी दिन इस यात्रा का अगला पड़ाव महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय होगा तथा वहाँ से ज्ञानकुंभ यात्रा बेतिया के प्रस्थान कर जाएगी. बेतिया पहुँचने पर एम.जे.कॉलेज, बेतिया में रात्रि विश्राम प्रस्तावित है.

दिनांक 15 नवंबर, 2024 को ज्ञानकुंभ यात्रा हाजीपुर,वैशाली के लिए प्रस्थान करेगी. यहाँ से मिट्टी संग्रह के पश्चात् आर.एन.कॉलेज, हाजीपुर में यात्रा पहुँचेगी तथा रात्रि विश्राम करेगी. अगले दिन दिनांक 16 नवंबर, 2024 को हाजीपुर में रथयात्रा का अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया है तथा उसी दिन यात्रा नालंदा के लिए प्रस्थान करके नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर,नालंदा पहुँचेगी जहाँ यात्रा का अभिनंदन किया जाएगा. दिनांक16-18 नवंबर,2024 तक आयोजित ज्ञानकुंभ में भारत को 2047 तक विकसित बनाए जाने में भारतीय ज्ञान परंपरा की भूमिका रेखांकित करने के लिए देश-विदेश के अनेक विद्वान शामिल होंगे. इस ज्ञानकुंभ में कुलपति प्रो(डॉ) दिनेश चंद्र राय की उपस्थिति महत्वपूर्ण रहेगी. यह संपूर्ण ज्ञानकुंभ यात्रा एल.एस.कॉलेज, मुजफ्फरपुर के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेश्वर कुमार के संयोजन में पूर्ण होगी.





